तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 17 अक्टूबर 2026

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

2 वनांचल की वादियों में विराजतीं मां चांग देवी, 309 ज्योति कलशों से जगमगाया दरबार



खबर संक्षेप

नवोदय में लेटरल एंट्री चयन के लिए आवेदन अब 22 तक

अंबिकापुर। नवोदय विद्याय में प्रवेश 2027–28 के लिए आवेदन की तिथि बढ़ा दी गई है। अब प्रवेश के लिए छात्र-छात्राएं 22 अक्टूबर तक आवेदन कर सकते है। जारी आदेश के तहत नवोदय विद्यालय समिति ने शैक्षणिक सत्र 2027–28 के लिए कक्षा 9वीं और 11वीं में प्रवेश हेतु लेटरल एंट्री चयन परीक्षा के ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 22 अक्टूबर कर दी है। इसके तहत ऑनलाइन पंजीयन की प्रक्रिया 1 सितंबर से शुरू हुई थी और आवेदन सुधार विंडो 23 से 25 अक्टूबर तक खुला रहेगा। जिन अभ्यर्थियों ने पहले ही ऑनलाइन आवेदन कर दिया है वे 23 से 25 अक्टूबर तक निर्धारित सुधार विंडो में अपने आवेदन में श्रेणी, लिंग, क्षेत्र और दिव्यांगता में सुधार कर सकेंगे।

सरगुजा में जिला स्तरीय जाति प्रमाण पत्र सत्यापन समिति का पुनर्गठन

अम्बिकापुर। छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार जिला सरगुजा में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के जाति प्रमाण पत्रों के सत्यापन के लिए जिला स्तरीय जाति प्रमाण पत्र सत्यापन समिति का पुनर्गठन किया गया है। पुनर्गठित समिति में अपर कलेक्टर प्रताप विजय खेस को अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं, अजाक थाना अम्बिकापुर के उप पुलिस अधीक्षक को पदेन सदस्य नियुक्त किया गया है। इसके अलावा सहायक सांख्यिकीय अधिकारी संतोष कुमार कंवर को अनुसूचित जनजाति वर्ग से, सहायक प्राध्यापिका ममता कुर्रे को अजा वर्ग से तथा परियोजना अधिकारी गिरीश गुप्ता को अन्य पिछड़ा वर्ग से सदस्य बनाया गया है। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास को पदेन सदस्य सचिव का दायित्व सौंपा गया है।

जिले में अवैध खनिज परिवहन पर कार्रवाई, 8 वाहन जब्त

अम्बिकापुर। जिले में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर लगातार कार्रवाई जारी है। इसी कड़ी में 14 एवं 15 अक्टूबर को खनिज अमले द्वारा अंबिकापुर एवं सीतापुर क्षेत्र में वाहनों की जांच की गई। इस दौरान बिना अभिवहन पास के खनिज रेत एवं ईंट का परिवहन करते पाए जाने पर तीन टिपर और पांच ट्रैक्टर सहित कुल आठ वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई। जिला खनिज अधिकारी ने बताया कि बिना वैध अभिवहन पास के खनिज परिवहन करते पाए जाने पर तीन टिपर वाहनों को जब्त कर कलेक्टर परिसर अंबिकापुर में रखा गया है, जब्त वाहनों में सीजी 15 ईके 4164 टीपर वाहन मालिक अभिषेक वर्मा, सीजी 15 ईके 2457 वाहन मालिक सुमित गुप्ता, सीजी 15 डीएन 7006 वाहन मालिक सी.पी. शुक्ला शामिल है। वहीं, पांच ट्रैक्टरों के खिलाफ अवैध खनिज परिवहन का प्रकरण दर्ज कर उन्हें जप्त कर सीतापुर थाना परिसर में अभिरक्षा में रखा गया है, जिसमें सीजी 15 एसी 1242 ट्रैक्टर वाहन मालिक चन्द्रमणी सिंह, महेन्द्रा शोल्ड ट्रेक्टर वाहन मालिक अर्जुन यादव, सोनालिका शोल्ड ट्रेक्टर वाहन मालिक शंकर खलखो, महेन्द्रा शोल्ड लाल ट्रेक्टर वाहन मालिक दाउत लकड़ा, महेन्द्रा शोल्ड लाल ट्रेक्टर वाहन मालिक अर्जुन यादव शामिल है।

एनएच 130 पर साल्ही मोड़ के समीप हुई घटना

राखड़ लोड ट्राला की टक्कर से दो सगे भाइयों की सड़क हादसे में मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ डांड़गांव/अम्बिकापुर

डांडगांव क्षेत्र में बीती रात हुई दो अलग अलग सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में दो सगे भाई शामिल है जो बाइक से वापस घर लौट रहे थे और उन्हें तेज रफ्तार राखड़ लोड ट्राला ने टक्कर मार दी। इस घटना में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दसई मेले से पैदल लौट रहे एक अन्य युवक को देर रात अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। इस घटना में गंभीर रूप से घायल युवक को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उसकी मौत हो गई।

खास बात
- अलग अलग घटनाओं में तीन ने गवाई जान

बताया जा रहा है कि उदयपुर विकासखंड के ग्राम घाटबर्रा निवासी 30 वर्षीय धन्ना राम आ. हरिलाल मझवार अपने छोटे भाई 27 वर्षीय मन्ना राम आ. हरिलाल मझवार व पिता हरिलाल मझवार के साथ 15 अक्टूबर को अंबिकापुर एक्सिस बैंक पैसा निकालने के लिए गया था। पैसा नहीं निकलने पर दोनों भाइयों ने अपने पिता हरिलाल मझवार को रास्ते में बहन के घर छोड़ दिया और दोनों बाइक से घर जा रहे थे। इसी दौरान एनएच 130 पर तारा चौकी अंतर्गत साल्ही मोड़ के समीप बिलासपुर से अंबिकापुर की ओर जा रहे राखड़ लोड ट्राला क्रमांक सीजी 10 बीएस 9545 के चालक तेज और लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवारों को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों भाइयों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद तारा चौकी प्रभारी संजय गोस्वामी ने दुर्घटना के बाद भाग रहे ट्राला को पीछा कर पकड़ने के साथ ही वाहन को जब्त कर लिया। इसके साथ ही दोनों भाइयों को एम्बुलेंस की सहायता से अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द करने के साथ ही अपराध दर्ज कर घटना की जांच की जा रही है।





घटना स्थल पर मृत सगे भाई।

घर के दोनों चिराग बुझे, क्षेत्र में पसरा मातम

सड़क हादसे में दो सगे भाइयों धन्ना राम व मन्ना राम की मौत से क्षेत्र में शोक का माहौल निर्मित हो गया है। चालक की लापरवाही से घर के दो चिराग बुझ गए। घटना के बाद परिवार सदमे में है और माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल है। शुक्रवार को गमगीन माहौल में दोनों युवकों का अंतिम संस्कार किया गया।

डेंजर जोन बना साल्ही मोड़

नेशनल हाईवे 130 साल्ही मोड़ जनार्दन पुर मोड़ आस पास विगत कुछ सालों में दर्जनों घटनाएं हो चुकी है। इन घटनाओं में एक दर्जन से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। यह क्षेत्र ब्लैक स्पाट बन चुका है लेकिन नेशनल हाईवे विभाग सहित अन्य उच्च अधिकारियों ने न बोर्ड लगाया है और न ही ब्रेकर बनवाया गया है। रोक थाम के कोई उपाय नहीं किए गए है जिससे आये दिन लोग मौत के मुंह में समा रहे हैं।

मेले से लौट रहे युवक की मौत

उदयपुर के डांड़गांव क्षेत्र में चल रहे मेले से लौट रहे युवक की भी सड़क हादसे में मौत हो गई। बताया जा रहा है कि उदयपुर दावा निवासी 18 वर्षीय प्रदीप आ. जीतन राम अपने दोस्त आदित्य और हिमांशु के साथ 15 अक्टूबर को दशहरा मेला देखने के लिए गया हुआ था। डांडगांव में दसई मेला देखकर तीनों युवक वापस पैदल घर लौट रहे थे। इस दौरान देर रात 11 बजे प्रिंस होटल के समीप अज्ञात वाहन का चालक युवक को टक्कर मारकर फरार हो गया। इस घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि घटना स्थल पर लोगों की भीड़ लग गई। इसी बीच मेले से युवक का बड़ा भाई भी बाइक से वापस लौट रहा था और भीड़ भाड़ देखकर वह मौके पर रुका। घटना स्थल पर अपने भाई को गंभीर रूप से घायल देखने के बाद युवक ने उसे उपचार के लिए उदयपुर अस्पताल में भर्ती कराया जहां से उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया था। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

पिता के साथ घर लौट रही कार्मेल की सातवीं कक्षा की छात्रा की सड़क हादसे में हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ विश्रामपुर

कार्मेल कान्वेंट स्कूल बिश्रामपुर से सेमेस्टर परीक्षा का परिणाम देखने के बाद पिता के साथ बाइक से घर वापस लौट रही सातवीं कक्षा की छात्रा की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई,हादसा शुक्रवार की दोपहर करीब सवा 12 बजे एनएच-43 पर केशवनगर में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत भंडार गृह के समीप हुआ,छात्रा अपने माता-पिता की इकलौती संतान थी,जानकारी के अनुसार, सूरजपुर के नवापारा निवासी पंकज जैन अपनी बेटी रिद्धिमा जैन के साथ शुक्रवार को कार्मेल कॉन्वेंट स्कूल बिश्रामपुर पहुंचे थे। यहां आयोजित पेरेंट्स-टीचर मीटिंग में बेटी का सेमेस्टर परीक्षा परिणाम देखने के बाद दोनों बाइक से घर लौट रहे थे इसी दौरान केशवनगर में उनके आगे चल रहे गिट्टी लोड ट्रैक्टर के चालक ने अचानक ट्रैक्टर मोड़ दिया,ट्रैक्टर के अचानक सामने आ जाने से बाइक अनियंत्रित हो गई,पंकज जैन दूसरी ओर गिर पड़े, जबकि रिद्धिमा सड़क पर गिर गई। इसी दौरान ट्रैक्टर का पहिया छात्रा की सिर व कनपटी के ऊपर से गुजर गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई।

- इकलौती बेटी की मौत से परिवार व सूरजपुर में पसरा मातम
- नशे की हालत में ट्रैक्टर चला रहा था ड्राइवर

हादसे के बाद खून से लथपथ रिद्धिमा को उपचार के लिए बिश्रामपुर अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई,दुर्घटना में बाइक चला रहे पंकज जैन को भी हल्की चोटें आई हैं। घटना की जानकारी मिलते ही सूरजपुर से बड़ी संख्या में लोग अस्पताल पहुंचे और शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया। पोस्टमार्टम एवं पंचनामा की कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। ट्रैक्टर चालक के शराब के नशे में होने की जानकारी सामने आई है।बिश्रामपुर पुलिस ने आरोपी ट्रैक्टर चालक लकेश्वर सिंह पिता मुन्ना सिंह 28 वर्ष निवासी शिवनंदनपुर को हिरासत में लेकर ट्रैक्टर को जप्त कर थाने खड़ी कराया है।



अस्पताल के बाहर स्कूल स्टॉफ व परिजन, इनसेट में मृतिका।

पढ़ाई में होनहार थी रिद्धिमा

सड़क हादसे में जान गंवाने वाली रिद्धिमा पढ़ाई में काफी होनहार बताई जा रही है। उसकी असमय मौत से परिजनों, परिचितों और विद्यालय परिवार में शोक की लहर है। घटना की सूचना मिलते ही कार्मेल कान्वेंट स्कूल का पूरा प्रबंधन अस्पताल पहुंच गया। मासूम छात्रा की मौत से वहां मौजूद सभी लोगों की आंखें नम थीं। गौरतलब है कि गत 10 अक्टूबर को इसी विद्यालय के कक्षा 12वीं के छात्र सुजल बरेठ और उसकी मां की हत्या का मामला सामने आया था।ज्ञात हो कि छात्र का शव जयनगर थाना क्षेत्र के महावीरपुर में पुलिस को मिला था।। इस घटना के कुछ ही दिनों बाद विद्यालय की एक और होनहार छात्रा की सड़क हादसे में मौत से परिजन और विद्यालय प्रबंधन स्तब्ध हैं।

जिले में ऑनलाइन नीट एवं जेईई कोचिंग का शुभारंभ आज

अम्बिकापुर। जिला खनिज संस्थान न्यास सरगुजा एवं स्कूल शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जिले के 35 शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में लाइव ऑनलाइन कक्षाओं के माध्यम से नीट-जेईई प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग का शुभारंभ किया जाएगा। इस अवसर पर ए-हेल्प पशु सखी प्रमाण पत्र वितरण समारोह भी आयोजित होगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शुभारंभ समारोह 17 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे जिला कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में पर्यटन, संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

पम्प चोरी के आरोप में दो युवकों को जूते की माला पहनाकर पीटा, गांव में निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजनगर

पम्प चोरी के एक मामले में ग्रामीणों द्वारा दो आरोपियों को न सिर्फ जूते की माला पहनाकर मारपीट बल्कि गांव में घुमाया। इधर जलील करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद रामानुजनगर थाना प्रभारी विराट विसी ने मामले को संज्ञान में लेते हुए जांच शुरू कर दी है।

- वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने शुरू की जांच

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत आमगांव निवासी बिगन सिंह ने सिंचाई के लिए नाले में पंप लगाया था, जिसे शुक्रवार को दिनदहाड़े चोरों ने पार कर दिया। पम्प मालिक द्वारा पतासाजी करने पर पता चला कि ग्राम कोट निवासी धनीराम और सुखलाल नामक व्यक्ति बोरा में भरकर पम्प लाए हैं। जानकारी मिलते ही पम्प मालिक और उसके सहयोगी कोट गांव पहुंचे और दोनों को बलपूर्वक पकड़कर आमगांव लेकर आ गए। आरोप है कि वहां पहले दोनों के कपड़े उतारे गए, फिर जूतों की माला बनाकर उन्हें पहनाया गया और गांव की सड़कों पर मारते-पीटते हुए रैली निकालकर अपमानित किया गया। इसका वीडियो बनाकर किसी ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया। जैसे ही वीडियो वायरल हुआ तो रामानुजनगर पुलिस ने वायरल वीडियो का संज्ञान में लेकर जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक जांच में मारपीट करने वालों में बिसून, जुगेश्वर, प्रदीप, बिगन, बल्लू, जयसिंह, उदय, श्रवण एवं धन सिंह सहित अन्य लोगों के नाम सामने आया है।

इस संबंध में थाना प्रभारी विराट विसी ने बताया कि यह मामला कानून हाथ में लेने का है। प्रकरण में दोनों पक्षों - पम्प चोरी और मारपीट कर जलील करने की शिकायत के आधार पर नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। किसी को भी कानून हाथ में लेने का अधिकार नहीं है। पुलिस ने बताया की पम्प चोरी होने की शिकायत कराई गई है।



चोरी के सामान के साथ युवक।

सड़क दुर्घटना में गंभीर युवक की गई जान

अम्बिकापुर। लखनपुर थाना अंतर्गत ग्राम गुमगरा कला निवासी अक्ष्य कुमार साहू आ. रामाशंकर साहू (20 वर्ष) 14 अक्टूबर को दोस्त दिनेश यादव के साथ बाइक से घूमने निकला था। शाम 6 बजे परिजन फोन किए तो युवक ने ग्राम बिनकरा में बाइक का पंचर बनवाने की बात बताई। कुछ समय बाद 7.30 बजे तीन युवक ने अक्ष्य के घर आकर परिजन को बताया कि अक्ष्य का एक्सीडेंट हो गया है। इसी बीच गांव के गोलू साहू ने अक्ष्य को घायल अवस्था में उसके घर छोड़ा। युवक की तबीयत ज्यादा बिगड़ जाने पर परिजन उसे संजीवनी 108 से लखनपुर अस्पताल में भर्ती कराया।

चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

मानसिक तनाव में रह रहे युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

नमना कला मौलवी बांध समीप निवासी अरूण कुमार भारती आ. स्व. शम्भू (38 वर्ष) आईडीबीआई बैंक में काम करता था। तीन साल पूर्व ही नौकरी छूट जाने से काफी परेशान हो गया और मानसिक तनाव में रहने लगा। इसी बीच युवक शराब पीने लगा। अत्यधिक शराब पीने से उसे अस्पताल में भी भर्ती कराना पड़ा। गत दिन पत्नी उत्तर प्रदेश गई थी जिसके बाद युवक घर में अकेला रह गया था। बीती रात अज्ञात कारण से घर में फांसी लगा लिया। सुबह जब युवक काफी देर तक घर से नहीं निकला तो भाई ने खिड़की से देखा तो युवक फांसी में लटका हुआ था। घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।





खबर संक्षेप

दशहरा पर्व पर स्कूलों में आज से अवकाश

बैकुण्ठपुर। दुर्गा पूजा एवं दशहरा पर्व के अवसर पर स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा घोषित अवकाश के तहत शनिवार 17 अक्टूबर से जिले के विद्यालयों में पांच दिनों की छुट्टी शुरू हो गई। शुक्रवार को पूरे दिन अध्यापन कार्य संपन्न होने के बाद विद्यार्थियों को अवकाश की जानकारी दी गई। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार चालू शैक्षणिक सत्र में दशहरा अवकाश 17 अक्टूबर से 21 अक्टूबर तक रहेगा। इस तरह विद्यार्थियों और शिक्षकों को दुर्गा पूजा एवं दशहरा पर्व मनाने के लिए पांच दिनों का अवकाश मिला है। अवकाश के चलते शनिवार से विद्यालयों में पढ़ाई बंद रहेगी और अब 22 अक्टूबर को विद्यालय पुनः खुलेंगे। पर्व के अवसर पर अवकाश मिलने से विद्यार्थियों के साथ शिक्षकों को परिवार के साथ त्योहार मनाने का अवसर मिलेगा।

महिला से 8 लीटर महुआ शराब जब्त

बैकुण्ठपुर। आबकारी वृत्त बैकुंठपुर की टीम ने थाना पटना अंतर्गत ग्राम महोरा नवापारा में कार्रवाई करते हुए 8 लीटर हाथ भट्टी निर्मित महुआ शराब जब्त की। मामले में एक महिला के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया गया है। जिला आबकारी विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, महोरा नवापारा निवासी आरोपी महिला के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क), 34(2) एवं 59-क के अंतर्गत प्रकरण कायम किया गया।

सरगुजा ओलंपिक का आयोजन 23 से

मनेन्द्रगढ़। जिले में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने तथा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय सरगुजा ओलंपिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 23 एवं 24 अक्टूबर 2026 को किया जाएगा। दो दिवसीय इस खेल आयोजन के अंतर्गत जिले के विभिन्न खेल मैदानों एवं निर्धारित स्थलों पर कुल 12 प्रमुख खेल विधाओं में प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। प्रतियोगिताओं का आयोजन सद्भावना स्टेडियम नई लेदरी, वसुन्धरा हॉल नई लेदरी, अम्बेडकर भवन झगराखाण्ड तथा दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल मनेन्द्रगढ़ में किया जाएगा।

सीईओ ने ली संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक

बैकुण्ठपुर। जनपद पंचायत एवं कार्यक्रम अधिकारी विकसित भारत जी राम जी, विकास खण्ड आवास समन्वयक ने जनपद पंचायत सभाकक्ष में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में वीबीजी राम-जी योजना अंतर्गत अप्रारम्भ 12 बालिका शौचालय, 35 मुक्तिधाम एवं 4 कंटूर ट्रेंच को तत्काल प्रारम्भ कराने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजन(ग्रामीण) में 32 आवास हितग्राहियों के दस्तावेज में समस्या होने के कारण प्रथम किस्त जारी नहीं हो पाए है तथा ऐसे 74 आवास हितग्राहियों के दस्तावेज में तकनिकी समस्या होने से वर्तमान तक आवास स्वीकृत नहीं हो पाए है ऐसे आवास हितग्राहियों के 2 दिवस के भीतर दस्तावेज सुधार करा कर सही दस्तावेज जमा करने के निर्देश दिए गए। पीएम सूर्य घर योजना अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों के घर में पीएम सूर्य घर का लाभ दिया जाना प्रस्तावित है संबंधित चयनित हितग्राहियों के घर में विद्युत मीटर एवं घर से खम्भे की दूरी का सत्यापन कर 2 दिवस के भीतर अध्यतन सूची जमा करने के भी निर्देश दिए गए।

करीब 150 साल पुराना मंदिर बना आस्था का केंद्र | **चांगभखार रियासत की कुलदेवी के दर्शन के लिए छत्तीसगढ़ सहित कई राज्यों से पहुंच रहे श्रद्धालु**

वनांचल की वादियों में विराजतीं मां चांग देवी, 309 ज्योति कलशों से जगमगाया दरबार

जनकपुर। घने जंगलों की हरियाली, प्रकृति की शांत वादियां, पक्षियों का कलरव और पहाड़ी अंचल की मनोरम छटा के बीच जब मां के जयकारे गूंजते हैं, तो पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठता है। मन में अटूट विश्वास और आंखों में माता के दर्शन की लालसा लिए श्रद्धालुओं का यही अद्भुत संगम इन दिनों एमसीबी जिले के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र भगवानपुर स्थित प्राचीन मां चांग देवी मंदिर में देखने को मिल रहा है।

नवरात्रि के पावन अवसर पर माता का दरबार 309 ज्योति कलशों की रोशनी से जगमगा रहा है। जंगलों के बीच स्थित यह प्राचीन धार्मिक स्थल न केवल श्रद्धा और विश्वास का प्रतीक है, बल्कि क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता, लोकपरंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को भी अपने भीतर समेटे हुए है। जिला मुख्यालय से लगभग 120 किलोमीटर दूर और जनकपुर से करीब 7 किलोमीटर की दूरी पर स्थित यह मंदिर दूर-दराज के श्रद्धालुओं के लिए विशेष आस्था का केंद्र बना हुआ है। नवरात्रि के दौरान मां चांग देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है मंदिर परिसर में स्थापित 309 ज्योति कलश माता के दरबार की दिव्यता को और बढ़ा रहे हैं। इनमें 101 तेल ज्योति कलश और 208 घी ज्योति कलश शामिल हैं। ज्योतियों की सुनहरी रोशनी, माता





का विशेष श्रृंगार और धूप-दीप की सुगंध मंदिर परिसर को अलौकिक वातावरण प्रदान कर रही है नवरात्रि के छठवें दिन भी मंदिर में हजारों श्रद्धालुओं के पहुंचने की जानकारी सामने आई। माता के मंदिर समिति की ओर से विशेष पूजा-अर्चना और महाआरती की गई। श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और संकटों से मुक्ति की कामना की। देर रात तक दर्शन-पूजन का सिलसिला जारी रहा मंदिर में प्रज्वलित अखंड ज्योति श्रद्धालुओं के लिए विशेष महत्व रखती है।

करीब 150 साल पुराना इतिहास

मां चांग देवी मंदिर का इतिहास करीब डेढ़ शताब्दी पुराना माना जाता है। स्थानीय बुजुर्गों के अनुसार, शुरूआती दौर में माता की मूर्ति एक पेड़ के नीचे विराजमान थी। उस समय बैगा समाज के लोग यहां श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना करते थे। प्रकृति की गोद में स्थित इस स्थान पर समय के साथ श्रद्धालुओं की आस्था बढ़ती गई और धीरे-धीरे यह स्थल एक प्रमुख धार्मिक केंद्र के रूप में प्रसिद्ध हो गया मां चांग देवी को चांगभखार रियासत की कुलदेवी के रूप में पूजा जाता है। पीढ़ियों से चली आ रही पूजा-पद्धति और धार्मिक परंपराओं ने इस मंदिर को क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान से जोड़ रखा है यहां की आस्था केवल धार्मिक विश्वास तक सीमित नहीं है, बल्कि यह स्थानीय इतिहास, जनजातीय परंपराओं और पूर्वजों से मिली विरासत का भी प्रतीक है आज भी दूरस्थ वनांचल में स्थित इस मंदिर में पहुंचने वाले श्रद्धालु माता के समक्ष शीश नवाकर अपने परिवार और समाज की खुशहाली की प्रार्थना करते हैं। बदलते समय के साथ मंदिर की पहचान दूर-दूर तक फैली है, लेकिन यहां की मूल आस्था और परंपरा आज भी लोगों को अपनी ओर आकर्षित करती है।

छात्रावास अधीक्षक के पद पर नौकरी दिलाने का दिया था झांसा, अन्य की तलाश जारी

नौकरी लगाने के नाम पर 13.69 लाख रुपए की ठगी, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

छात्रावास अधीक्षक के पद पर नौकरी लगाने का झांसा देकर 13 लाख 69 हजार रूपए की धोखाधड़ी करने के मामले में बैकुंठपुर पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

आरोप है कि आरोपियों ने प्रार्थी से 16 अप्रैल 2024 से 28 मार्च 2025 के बीच अलग-अलग किश्तों में नगद और बैंक खाते के माध्यम से रकम प्राप्त की थी। रूपए वापस मांगने पर उसे जान से मारने और झूठे मामले में फंसाने की धमकी भी दी गई। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। मामले के अन्य आरोपी अभी फरार हैं, जिनकी तलाश की जा रही



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आमापारा बैकुंठपुर निवासी संतोष कुमार सारथी पिता छोटेलाल ने शिकायत दर्ज कराई थी कि अनुराधा भगत एवं अन्य लोगों ने उसे नौकरी लगाने का झांसा देकर 14 लाख रूपए की धोखाधड़ी की है। शिकायत की जांच में सामने आया कि अनुराधा लकड़ा, राजकुमार लकड़ा, जोखनलाल एवं डॉ. प्रकाश अनंत ने छात्रावास अधीक्षक के पद पर नौकरी दिलाने के नाम पर प्रार्थी से कुल 13 लाख 69 हजार रूपए प्राप्त किए। रकम वापस मांगने पर धमकी दिए जाने की बात भी शिकायत में कही गई है। जांच में अपराध प्रमाणित पाए जाने पर बैकुंठपुर थाने में अपराध क्रमांक 301/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 318(4), 351(3), 61(2) एवं 3(5) के अंतर्गत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई।

पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अनुराधा लकड़ा उम्र 32 वर्ष निवासी कछार, थाना धौरपुर जिला सरगुजा हाल मुकाम बंगाली चौक, बौरीपारा, अंबिकापुर तथा जोखनलाल उम्र 61 वर्ष निवासी सरभोका गोहला सरई थाना पटना, हाल मुकाम बाबू कॉलोनी प्रेमाबाग बैकुंठपुर को 15 अक्टूबर को गिरफ्तार किया। दोनों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। पुलिस प्रकरण के फरार आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

स्वस्थ बच्चे और सशक्त महिलाएं समाज का आधार-भईयालाल

बैकुण्ठपुर। सेवा संकल्प अभियान के तहत शुक्रवार को मानस भवन, बैकुंठपुर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगन मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

नौवें राष्ट्रीय पोषण माह एवं हमारी आंगनबाड़ी, हमारी जिम्मेदारी कार्यक्रम के साथ आयोजित इस आयोजन में विधायक भईयालाल राजवाड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती वन्दना राजवाड़े सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि एवं प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे। यह आयोजन बच्चों के बेहतर पोषण, महिलाओं के स्वास्थ्य और आंगनबाड़ी सेवाओं के प्रति सामुदायिक भागीदारी की आवश्यकता को रेखांकित करता है। गर्भवती महिलाओं की देखभाल से लेकर नवजात शिशुओं के पोषण, बालिकाओं की शिक्षा और महिलाओं की आत्मनिर्भरता तक, परिवार एवं समाज की सक्रिय भूमिका इन प्रयासों को प्रभावी बनाने के लिए जरूरी है। विधायक



भईयालाल राजवाड़े ने कहा, स्वस्थ बच्चे और सशक्त महिलाएं समृद्ध समाज का आधार हैं। प्रत्येक परिवार को गर्भवती महिलाओं, माताओं और बच्चों के पोषण तथा स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। आंगनबाड़ी केंद्र हमारे गांव और मोहल्ले के बच्चों के विकास के महत्वपूर्ण केंद्र हैं। इन्हें बेहतर बनाने में जनप्रतिनिधियों, अभिभावकों और समाज के सभी वर्गों की भागीदारी जरूरी है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के संदेश को अपनाते हुए बेटियों को शिक्षा, सुरक्षा और आगे बढ़ने के समान अवसर देना हम सभी की जिम्मेदारी है।

स्थानीय पौष्टिक आहार से मजबूत होगा पोषण

बेहतर पोषण के लिए दैनिक भोजन में विविधता और स्थानीय स्तर पर उपलब्ध पौष्टिक खाद्य पदार्थों को स्थान देना महत्वपूर्ण है। दालें, हरी पत्तेदार सब्जियां, मौसमी फल और मोटे अनाज जैसे खाद्य पदार्थ संतुलित आहार को समृद्ध बनाते हैं। बच्चों और महिलाओं की आयु तथा जरूरत के अनुरूप पर्याप्त भोजन, स्वच्छ पेयजल और साफ-सफाई की आदतें भी पोषण से जुड़ी आवश्यक कड़ियां हैं।



भाषण प्रतियोगिता में छात्राओं ने रखे विचार

मनेन्द्रगढ़। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिपरिया में जिला महिला सशक्तिकरण केंद्र महिला एवं बाल विकास विभाग, एमसीबी द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े के निर्देशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी आदित्य शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं को उनके अधिकारों, शिक्षा, सुरक्षा और सशक्तिकरण के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम की थीम बेटियां ही भविष्य हैं कार्यक्रम में छात्राओं को बालिका शिक्षा के महत्व, लैंगिक समानता, बाल विवाह की रोकथाम, स्वास्थ्य एवं पोषण तथा बालिकाओं की सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी गई।

वक्ताओं ने कहा कि बालिकाओं को शिक्षा और विकास के समान अवसर उपलब्ध कराकर ही समाज को सशक्त और प्रगतिशील बनाया जा सकता है। छात्राओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने, आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने और शिक्षा के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया।

अब क्यूआर कोड से मिलेगा उर्वरक

मनेन्द्रगढ़। आगामी रबी सीजन 2026-27 के मद्देनजर रासायनिक उर्वरकों के पारदर्शी, सुगम और सुव्यवस्थित वितरण को सुनिश्चित करने के लिए कृषि विभाग द्वारा तैयार की गई नवीन डिजिटल प्रणाली फ्रेमवर्क फॉर फर्टिलाइजर सेल 3.0 का तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम गुरूवार को मनेन्द्रगढ़ में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। उप संचालक जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रशिक्षण में क्षेत्र के समस्त फुटकर विक्रेता, थोक विक्रेता, प्रगतिशील कृषक बंधु तथा कृषि विभाग के मैदानी अमले के अंतर्गत ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, कृषि विकास अधिकारी एवं उर्वरक निरीक्षकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। वरिष्ठ अधिकारियों एवं प्रशिक्षकों की उपस्थिति प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला स्तरीय नोडल अधिकारी एवं सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी मनेन्द्रगढ़ महेश पैकरा, अनुविभागीय कृषि अधिकारी मनेन्द्रगढ़ धर्मेन्द्र कुर्रे, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी मनेन्द्रगढ़ रवि गुप्ता तथा जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर दीपक कुमार साहू मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

आवास निर्माण में आई तेजी, एक माह में 506 पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव के निर्देशन में आयोजित आवास जनचौपालों से जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत लंबित आवासों के निर्माण में तेजी आई है। अधिकारियों और हितग्राहियों के बीच सीधे संवाद से निर्माण कार्यों को आगे बढ़ाने के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं।

बीते एक माह में जिले में 506 आवास पूर्ण हुए हैं। वहीं, बैकुंठपुर विकासखंड में 520 अप्रारंभ आवासों का निर्माण शुरू हुआ है तथा 720 से अधिक लंबे समय से रुके आवासों के निर्माण कार्य ने फिर गति पकड़ी है। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत कोरिया जिले में बीते दो वर्षों में कुल 16 हजार 563 आवास स्वीकृत किए गए हैं। इनमें से लगभग 74 प्रतिशत आवास पूर्ण हो चुके हैं और 12 हजार से अधिक हितग्राही अपने पक्के मकान



बना चुके हैं। हालांकि, एक माह पूर्व तक लगभग 1500 ऐसे हितग्राही थे, जिन्होंने प्रथम किस्त मिलने के बाद भी निर्माण कार्य शुरू नहीं किया था। कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने सितंबर माह में प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा के दौरान अप्रारंभ और अधूरे आवासों के निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए थे। उन्होंने हितग्राहियों से निरंतर संवाद के लिए ग्राम पंचायतों में अधिक से अधिक जनचौपाल आयोजित करने पर पहल करने को कहा। इसके बाद जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी योगेन्द्र श्रीवास तथा जिला एवं जनपद पंचायत की टीमों ने रोस्टर के अनुसार विभिन्न ग्राम पंचायतों में जनचौपाल आयोजित कीं। इन चौपालों में हितग्राहियों से सीधे चर्चा कर उन्हें आवास निर्माण शुरू करने और अधूरे कार्य पूर्ण करने के लिए प्रेरित किया गया। बीते एक माह में जिले में 30 से अधिक जनचौपाल आयोजित की गई हैं। जनचौपालों के माध्यम से लगातार संपर्क का असर निर्माण कार्यों में दिखाई देने लगा है। हितग्राही प्राप्त किस्त की राशि के अनुसार अपने आवासों का निर्माण आगे बढ़ा रहे हैं। बैकुंठपुर विकासखंड में 520 अप्रारंभ आवासों का कार्य शुरू होने के साथ ही 720 से अधिक लंबित आवासों में दोबारा निर्माण शुरू हुआ है। इसी अवधि में जिले में 506 आवासों की पूर्णता दर्ज की गई है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी योगेन्द्र श्रीवास ने बताया कि कलेक्टर के निर्देशन में आयोजित जनचौपालों के सकारात्मक परिणाम मिल रहे हैं।

मिनी स्टेडियम में 55 फीट के रावण का होगा दहन

बैकुंठपुर। शक्ति की देवी की आराधना के साथ ही दशहरा पर्व पर रावण दहन की तैयारियां तेज हो गई हैं। कोरिया जिला मुख्यालय बैकुण्ठपुर के रामानुज मिनी स्टेडियम में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य रावण दहन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके लिए रावण, कुंभकरण एवं मेघनाथ के पुतले बनाने का कार्य कई दिनों से चल रहा है, जो अब अंतिम चरण में पहुंच गया है। आगामी 20 अक्टूबर को दशहरा पर्व मनाया जाएगा। ऐसे में आयोजन की तैयारियों को पूरा करने के लिए अब गिनती के दिन शेष रह गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार रामानुज मिनी स्टेडियम में शारदीय नवरात्र शुरू होने से पहले ही तीनों पुतलों का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया था। जयनगर-विश्रामपुर से आए कारीगर करीब दस दिनों से पुतले बनाने में जुटे हुए हैं। कारीगरों के अनुसार, इस वर्ष रावण का पुतला करीब 55 फीट ऊंचा होगा, जबकि कुंभकरण और मेघनाथ के पुतले लगभग 50 फीट के बनाए जा रहे हैं।

युवा उड़ान थीम पर 2 नवंबर को मनेगा राज्योत्सव

बैकुंठपुर। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में 2 नवंबर को एक दिवसीय राज्योत्सव का आयोजन किया जाएगा। शासकीय रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर स्थित मिनी स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम की मुख्य थीम ह्यसशक्त नारी, युवा उड़ान होगी। कलेक्टर ने सभी कार्यालय प्रमुखों को आयोजन के लिए अपने-अपने विभाग से संबंधित प्रदर्शनी की आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। राज्योत्सव स्थल पर विभिन्न विभागों की प्रदर्शनियां लगाई जाएंगी। इनमें विभागीय उपलब्धियों के साथ राज्य शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं एवं सफल परियोजनाओं को विशेष रूप से प्रदर्शित किया जाएगा। कार्यक्रम में शासन की कल्याणकारी एवं हितग्राहीमूलक योजनाओं के तहत पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित भी किया जाएगा। राज्य शासन के निर्देशानुसार 2 नवंबर को स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 1 से 3 नवंबर तक जिला मुख्यालय स्थित शासकीय भवनों पर रोशनी की जाएगी।

TOP IN SURGUJA















खबर संक्षेप



मन जागृति अभियान के तहत हुआ मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम

सूरजपुर। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित मन जागृति अभियान के तहत कलेक्टर श्रीमती रेना जमील के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह के नेतृत्व में जिला चिकित्सालय के सभाकक्ष में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम एवं सहयोगी संस्था सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह, सिविल सर्जन डॉ. अजय मार्कम, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम नोडल अधिकारी डॉ. राजेश पैकरा तथा मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. अंकित शर्मा ने मानसिक स्वास्थ्य के महत्व, समय पर उपचार, परामर्श सेवाओं की उपलब्धता एवं मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने पर अपने - अपने विचार व्यक्त किए। मन जागृति अभियान के अंतर्गत 10वीं वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल, जिला जेल, विभिन्न कॉलेज बालक एवं बालिका छात्रावास, वृद्धाश्रम, अरुणोदय कोचिंग संस्थान, संगवारी, मितानिन कार्यक्रम सहित विभिन्न शैक्षणिक एवं सामाजिक संस्थाओं में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की गईं। इनमें तनाव प्रबंधन, परीक्षा संबंधी चिंता, भावनात्मक संतुलन, आत्मविश्वास तथा मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं में समय पर सहायता लेने के बारे में जानकारी दी गई।

शासकीय प्राथमिक शाला त्रिपुरेश्वरपुर में कराया गया न्योता भोज



रामानुजनगर। शासकीय प्राथमिक शाला त्रिपुरेश्वरपुर में बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने तथा बालिकाओं के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने के उद्देश्य से न्योता भोज एवं कन्या भोज का आयोजन किया कराया गया। भोजन के पश्चात उपस्थित सभी बालिकाओं को कॉपी पेन,शीश पेन्शील कटर वितरण किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं के सम्मान, शिक्षा के महत्व तथा समाज में बेटियों के प्रति जागरूकता का संदेश देना रहा। इस अवसर पर अतिथियों ने बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने, बेटियों को समान अवसर प्रदान करने तथा उन्हें नियमित रूप से विद्यालय भेजने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस दौरान सुकुल राम, रविनाथ तिवारी, विजय साहू, नीलम पटेल, श्रीमती सलोमी बखला, दिनेश दुबे, आकाश तिवारी, नवीन कुमार, श्रीमती सुषमा साहू, श्रीमती फूलमती, श्रीमती बतूल बेगम सहित विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

विकासखंड सहायक शिक्षा अधिकारी ने कराया न्योता भोज



कुसमी। सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी नंदकुमार गुप्ता ने अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य में संकुल केंद्र घुटराडीह में न्योता भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। न्योता भोज कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों के साथ जनप्रतिनिधि सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी सहित शिक्षकों द्वारा की गई सहभागिता। कार्यक्रम के दौरान नंदकुमार गुप्ता ने विद्यार्थियों के साथ बैठकर भोजन किया गया। इस आयोजन ने बच्चों के बीच अपनत्व, समानता, सहयोग एवं सामुदायिक सहभागिता का संदेश दिया। न्योता भोज जैसे आयोजन विद्यालय और समाज के बीच संबंधों को मजबूत करने के साथ बच्चों में सामूहिकता एवं सद्भाव की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष हिरामुनी निकुंज,चन्द्र भूषण गुप्ता,जनपद अध्यक्ष कुसमी बसंती भगत, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष अशोक सोनी, सरपंच बिंदु सिंह, शिक्षक दीपक गुप्ता , देव साय भगत, इंद्रदेव निकुंज,सीजे प्रजापति सहित संकुल समन्वयक सहित विद्यालय के छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

वन अधिकार समिति में तीन नामांकित सदस्यों को किया गया प्रतिस्थापित

अम्बिकापुर। वन अधिकार अधिनियम, 2006 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सरगुजा जिले में गठित जिला स्तरीय वन अधिकार समिति में तीन नामांकित सदस्यों को प्रतिस्थापित किया गया है। यह कार्रवाई छत्तीसगढ़ शासन के आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों तथा भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के निर्देशों के अनुरूप की गई है। शासन के निर्देशों के अनुसार नगरीय निकायों एवं शहरी क्षेत्रों में अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 के क्रियान्वयन के लिए नगर निगम अम्बिकापुर से प्राप्त नामांकित सदस्यों की सूची के आधार पर जिला स्तरीय वन अधिकार समिति में तीन सदस्यों को प्रतिस्थापित किया गया है। प्रतिस्थापित किए गए सदस्यों में डॉ. शिवमंगल सिंह एवं श्रीमती अनिता रविन्द्र गुप्त भारती को अनुसूचित जनजाति वर्ग से तथा श्रीमती किरण साहू को अन्य पिछड़ा वर्ग से सदस्य नामांकित किया गया है।

जबलपुर एवं शहडोल के अंजलि एंड ग्रुप की शानदार प्रस्तुति

मां दुर्गा पूजा समिति का भव्य जगराता, माता रानी के भजनों पर पूरी रात झूमे श्रद्धालु



जागरण कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं की भीड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

नवरात्रि के पावन अवसर पर मां दुर्गा पूजा समिति बस स्टैंड के तत्वावधान में स्थानीय स्टेडियम ग्राउंड में भव्य जगराता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जबलपुर एवं शहडोल से पहुंचे अंजलि एंड ग्रुप के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक देवी भजनों एवं मनमोहक प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। वहीं दिल्ली से आए कलाकारों की आकर्षक झांकियों ने भक्तों का मन मोह लिया।

खास बात

- दिल्ली से आई आकर्षक झांकियों ने मोहा मन

जगराता कार्यक्रम के दौरान पूरा स्टेडियम ग्राउंड माता रानी के जयकारों और भक्ति गीतों से गूंज उठा। कलाकारों ने मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों का मनमोहक चित्रण करते हुए भजनों की अमृत वर्षा की। देवी गीतों की मधुर धुनों पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते-नाचते नजर आए। आकर्षक झांकियों और भक्तिमय प्रस्तुतियों ने लोगों का मन मोह लिया। पूरे नगर में भक्ति, आस्था और उल्लास का माहौल देखने को मिला। विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते पूरी रात माता रानी के दरबार में श्रद्धालुओं के साथ भक्ति में लीन नजर आईं। उन्होंने देवी भजनों पर भक्तों के साथ झूमकर माता रानी का गुणगान किया। इस दौरान विधायक ने स्वयं देवी भजन गाकर मां दुर्गा के स्वरूप एवं महिमा का वर्णन किया। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति से स्टेडियम ग्राउंड भक्तिमय वातावरण में सराबोर नजर आया। इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राजेश गुप्ता, अनमोल शर्मा, संरक्षक कमलेश गुप्ता, अरविंद जायसवाल, मुकेश अग्रवाल, नवीन सोनू जायसवाल, सूरज रजक, शुभम कश्यप, संजय जायसवाल, अंकित जायसवाल, आयुष अग्रवाल, सूर्या अग्रवाल, सुमित गुप्ता, सोनू कश्यप, मनीष तायल, सूर्या अग्रवाल, सहित समिति के सदस्यों का सक्रिय रहे।

भव्य गरबा-डांडिया महोत्सव रविवार को

नवरात्रि महापर्व के अवसर पर मां दुर्गा पूजा समिति बस स्टैंड द्वारा रविवार को स्थानीय स्टेडियम ग्राउंड में भव्य गरबा-डांडिया कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर श्रद्धालुओं, विशेषकर महिलाओं, युवाओं और बच्चों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। गरबा-डांडिया महोत्सव में बड़ी संख्या में महिलाओं, पुरुषों एवं बच्चों के शामिल होने की संभावना को देखते हुए समिति द्वारा व्यापक व्यवस्था की गई हैं। आयोजन को व्यवस्थित एवं आकर्षक बनाने के लिए समिति के सदस्य तैयारियों में जुटे हुए हैं।

दुर्गा पंडाल में पूजा अर्चना करने उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

अम्बिकापुर। शारदीय नवरात्रि पर्व पर शहर के दरींपारा मणिपुर में अनोखी सोच संस्था द्वारा पंडाल में स्थापित मां दुर्गा की पूजा अर्चना करने श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। शहर के मणिपुर, दरींपारा में प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी अनोखी सोच संस्था द्वारा शारदीय नवरात्रि पर भव्य पंडाल में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की है। शारदीय नवरात्र को लेकर मां के भक्तों में काफी उल्लास है। सुबह शाम की आरती में मोहल्ले के विशाल जनसमूह के साथ पंडाल में मां दुर्गा की आरती करते है। साथ ही संस्था द्वारा हर रोज विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करते है।





एसडीएम एवं दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारियों की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमी

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बालेश्वर राम द्वारा दुर्गा पूजा समिति के सभी पदाधिकारियों की बैठक एसडीएम कार्यालय में बुलाई गई। विगत दिन नायब तहसीलदार अनुग्रह केरकेट्टा द्वारा तहसील कार्यालय के सूचना पट्ट में लिखे गए अभद्र टिप्पणी को लेकर दुर्गा पूजा समिति के सभी पदाधिकारी सहित हिन्दू समाज के लोगों को आहत पहुंची थी। जिसे लेकर ज्ञापन सौंपा गया था।

दो दिवस का समय देते हुए नायब तहसीलदार का स्थानांतरण कुसमी से अन्यत्र जगह करने की मांग करते हुए स्थानांतरण नहीं होने पर नगर बंद , तहसील कार्यालय का घेराव, सहित हड़ताल करने की बात कही गई। इस बात पर विचार विमर्श करते हुए एसडीएम के समक्ष एक स्वर में सभी दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारीगण एवं हिन्दू समाज के लोगों द्वारा अनुग्रह केरकेट्टा का स्थानांतरण कुसमी से अन्यत्र जगह करने की मांग किया गया, जिसपर पहल करते हुए एसडीएम द्वारा इस विषय में वरिष्ठ अधिकारी से बात चित करने की बात कहते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार कार्रवाई करने की बात कही। दशहरा त्यौहार को शांतिपूर्वक त्योहार मनाने के लिए 20 अक्टूबर तक किसी भी प्रकार से नगर बंद, तहसील कार्यालय का घेराव एवं हड़ताल नहीं करने का निवेदन किया गया।

एसडीएम की बात को सभी हिन्दू समाज के लोग एवं दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारियों द्वारा 20 अक्टूबर तक किसी भी प्रकार से हड़ताल जुलूस नहीं करने का आश्वासन दिया गया। साथ ही दुर्गा पूजा समिति के सभी पदाधिकारियों द्वारा 21 अक्टूबर तक नायब तहसीलदार अनुग्रह केरकेट्टा का कुसमी अनुविभाग से अन्यत्र जगह स्थानांतरण करने की मांग की गई। इस दौरान दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष जन्मजय सिंह, उपाध्यक्ष आनंद जायसवाल, राकेश भारती, राजेश्वर गुप्ता , बालेश्वर राम, समलेश्वरी दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष यशवंत गुप्ता, उपाध्यक्ष प्रदीप कश्यप , हरकेश भारती, मां भवानी दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष विनय यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

जिले को मिली स्वास्थ्य सेवा की बड़ी सौगात, अब जरूरतमंदों के द्वार तक पहुंचेगा रेडक्रॉस इलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर



जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को आम लोगों तक पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। अब चिकित्सा सुविधाओं से वंचित और दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी की जिला शाखा को डॉक्टर आपके द्वार मोबाइल मेडिकल यूनिट की सौगात मिली है। यह पहल उन परिवारों के लिए विशेष राहत लेकर आई है, जिन्हें इलाज के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शुरू की गई इस व्यवस्था से ग्रामीण अंचलों, बुजुर्गों, दिव्यांगजनों और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने की उम्मीद मजबूत हुई है।

- मोबाइल मेडिकल यूनिट से दूरस्थ अंचलों को मिलेगी राहत

जिला चिकित्सालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने डॉक्टर आपके द्वार एंबुलेंस सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े सहित जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे। मोबाइल मेडिकल यूनिट का उद्देश्य जरूरतमंदों को उनके नजदीकी क्षेत्र में चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने के साथ स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को अधिक व्यापक बनाना है।कार्यक्रम में राज्य वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा, विधायक भूलन सिंह मरावी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती चंद्रमणि पैकरा, शिवनाथ यादव, रामकृपाल साहू, श्रीमती रेखा राजलाल राजवाड़े, श्रीमती स्वाति संत सिंह, श्रीमती कुसुमलता राजवाड़े, मनमत बछाड़, रितेश जायसवाल, दीपेंद्र सिंह चौहान, ओंकार पांडेय, श्रवण जैन, भोला प्रसाद अग्रवाल, हरिदास अग्रवाल, अनिल गोयल, थलेश्वर साहू, अशोक सिंह, संत सिंह, अजय श्याम सहित अन्य मौजूद रहे।

कलेक्टर के निरीक्षण में खुली विकास कार्यों की पोल, जनमन सड़क की गुणवत्ता पर भड़कीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ शंकरगढ़

सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और निर्माण कार्यों की जमीनी हकीकत जानने कलेक्टर

- बंद नल-जल योजना पर जताई नाराजगी
- हर घर तक पानी पहुंचाने और सड़क निर्माण में लापरवाही पर नोटिस देने के निर्देश



चंदन संजय त्रिपाठी ने विकासखंड शंकरगढ़ के ग्राम मानपुर, बेलकोना और पोड़ी सहित विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान नल-जल योजना की बदहाल स्थिति, अधूरे कार्यों और प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत बन रही सड़क की गुणवत्ता को लेकर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बेलकोना के हरिगलेटा पहुंच मार्ग पर सड़क निर्माण की खराब गुणवत्ता सामने आने पर कलेक्टर ने नाराजगी जताई और जिम्मेदार निर्माण एजेंसी को नोटिस जारी करने की बात कही।

ग्रामीणों को घर तक स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित नल-जल योजना की समीक्षा के दौरान कुछ गांवों में योजना बंद होने और कुछ स्थानों पर काम अधूरा होने की स्थिति सामने आई। इस पर कलेक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि बंद पड़ी योजनाओं को शीघ्र चालू किया जाए और अधूरे कार्यों को तत्काल पूरा कराया जाए। उन्होंने सभी घरों तक पानी पहुंचाने पर जोर देते हुए पेयजल व्यवस्था को प्राथमिकता से दुरुस्त करने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत बेलकोना के हरिगलेटा गांव पहुंच मार्ग पर प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण करते समय कलेक्टर ने निर्माण की गुणवत्ता पर नाराजगी जताई। सड़क निर्माण में खराब गुणवत्ता को लेकर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाई और जिम्मेदार निर्माण एजेंसी को नोटिस जारी करने की बात कही। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्य निर्धारित मापदंडों के अनुरूप और गुणवत्तापूर्ण तरीके से कराया जाए। सरकारी योजनाओं के कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने निर्माणाधीन छात्रावास भवन तथा विभिन्न ग्राम पंचायतों में संचालित विकास कार्यों की प्रगति का भी जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कार्यों की स्थिति की जानकारी लेते हुए लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने और निर्माण की गुणवत्ता पर सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए। इस दौरान शंकरगढ़ एसडीएम अनमोल विवेक टोप्पो, जनपद पंचायत सीईओ वेद प्रकाश पांडेय, नायब तहसीलदार गजराज सिंह, कार्यक्रम अधिकारी प्रीति प्रियंका लकड़ा, परियोजना अधिकारी राहुल सिंह, आरईएस एसडीओ बसिल मिंज सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार सवार चोरों ने ट्रक से पार किया 30 लीटर डीजल, ट्रक मालिकों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर



अंबिकापुर-बिलासपुर नेशनल हाईवे 130 स्थित रेहान बिरयानी के सामने खड़े ट्रक से कार सवार चोरों ने 30 लीटर डीजल को पार कर दिया। घटना देर रात की बताई जा रही है। क्षेत्र में लगातार बढ़ रही डीजल चोरी की घटनाओं को लेकर ट्रक मालिकों और नागरिकों में आक्रोश व्याप्त है।

- नेशनल हाईवे-130 पर लगातार बढ़ रही डीजल चोरी की घटनाएं

जानकारी के अनुसार लखनपुर निवासी आलोक गुप्ता के ट्रक क्रमांक सीजी 14 एमएस 9101 का चालक संतोष कुमार वैष्णव बस स्टैंड में आयोजित जागरण कार्यक्रम में शामिल होने गया था। तड़के 3 बजे लौटने के बाद वह अपने ट्रक में सो रहा था। इसी दौरान चोरों ने ट्रक से करीब 30 लीटर डीजल चोरी कर लिया। दूसरे ट्रक चालक से जानकारी मिलने पर संतोष कुमार वैष्णव को चोरी की घटना का पता चला, जिसके बाद उसने तत्काल ट्रक मालिक को फोन कर इसकी सूचना दी। बताया जा रहा है कि कार सवार चोरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि लखनपुर में डीजल चोरी की घटना को अंजाम देने के बाद लहपटरा टोल प्लाजा के पास भी ट्रकों से डीजल चोरी करने का प्रयास किया गया। हालांकि ट्रक चालक के उठ जाने के कारण चोर अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो सके।

लगातार हो रही चोरी से ट्रक मालिक परेशान

क्षेत्र में लगातार सामने आ रही डीजल चोरी की घटनाओं से ट्रक मालिकों और वाहन चालकों में चिंता बढ़ती जा रही है। उनका कहना है कि हाईवे किनारे खड़े वाहनों से डीजल चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए पुलिस प्रशासन को ठोस कदम उठाने चाहिए। घटना की सूचना लखनपुर पुलिस को दी गई है।



गणित मेला में बच्चों ने स्टॉल लगाकर सिखाई गणित की अवधारणाएं

बलरामपुर। सरनाडीह संकुल केंद्र में संकुल के सभी प्राथमिक शालाओं ने मिलकर गणित मेले का आयोजन अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सहयोग से किया गया। जिसमें 126 बच्चे, 9 शिक्षक तथा सीएसी, सीआरसी और बीआरसीसी शामिल हुए। इस गणित मेले में संख्या पूर्व अवधारणा, संख्या ज्ञान, स्थानीय मान, जोड़ और घटाव, इबारती सवाल जैसी गणित की मुख्य अवधारणाओं पर ध्यान दिया गया। हर अवधारणा का अलग स्टॉल था, जिसे बच्चों ने स्वयं लगाया। मेलें में शामिल बच्चों एवं शिक्षकों को अलग-अलग गतिविधियों के माध्यम से वही अवधारणा सिखाने का प्रयास एवं एवं शिक्षकों को अपनी समझ साझा कर रहे थे। सभी विद्यालयों से आए हर बच्चे को हर स्टॉल पर विभिन्न अवधारणाओं को मजेदार तरीके से सीखने का एक अच्छा और आनंदमय अवसर प्राप्त हुआ। मेले में आए बीआरसी, सीआरसी, एवं सीएसी ने बच्चों का अवलोकन किया। साथ ही बच्चों ने भी सामने से उनसे अपने स्टॉल की अवधारणाओं के आधार पर प्रश्न किए, जो एक रोचक बात रही।

दस्तावेजों के अभाव में गरीब परिवार राशन कार्ड से वंचित

बिहारपुर। राशन कार्ड बनवाने के लिए जाति प्रमाण पत्र एवं निवास प्रमाण पत्र सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों की अनिवार्यता के कारण क्षेत्र के कई गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद परिवार राशन कार्ड बनवाने से वंचित हो रहे हैं। इस समस्या को लेकर सरपंच संघ ब्लॉक ओड़गी के अध्यक्ष गजमोचन सिंह सहित जनप्रतिनिधियों ने कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा तथा वैकल्पिक व्यवस्था करने की मांग की है।

- सरपंच संघ ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



सौंपे गए ज्ञापन में जनप्रतिनिधियों ने बताया कि क्षेत्र के कई गरीब परिवारों के पास जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र सहित आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नहीं हैं। इसके कारण पात्र हितग्राही राशन कार्ड बनवाने में कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं और शासन की खाद्यान्न योजना का लाभ नहीं ले पा रहे हैं। ऐसे में आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के सामने खाद्यान्न की समस्या उत्पन्न हो रही है। जनप्रतिनिधियों ने शासन से मांग की है कि जिन पात्र हितग्राहियों के पास आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नहीं हैं, उनके लिए वैकल्पिक दस्तावेजों अथवा सरल प्रक्रिया के माध्यम से राशन कार्ड बनाने की व्यवस्था की जाए। इससे गरीब मजदूर, असहाय परिवारों और जरूरतमंद महिला-पुरुषों को योजना का लाभ मिल सकेगा और दस्तावेजों के अभाव में कोई भी पात्र परिवार खाद्यान्न योजना से वंचित नहीं रहना चाहिए। ज्ञापन सौंपने वालों में सरपंच संघ ब्लॉक ओड़गी के अध्यक्ष गजमोचन सिंह, उमझर सरपंच बहादुर सिंह, कालामाजन सरपंच अर्जुन सिंह एवं जितेन्द्र साकेत मॉजूद रहे।

विद्यालयों में शैक्षणिक एवं डिजिटल कार्यों की हुई समीक्षा

निर्धारित समय में सभी लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराएं

बलरामपुर। विकासखंड बलरामपुर अंतर्गत समस्त पूर्व माध्यमिक शालाओं के प्रधान पाठकों एवं संकुल समन्वयकों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्यालयों में संचालित विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों, डिजिटल कार्यों तथा विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।

बैठक में जिला मिशन समन्वयक चंद्रभूषण गुप्ता द्वारा मिशन आचार्य , रीडिंग कार्नर, क्विज प्रतियोगिता, विद्यालयों की शैक्षणिक व्यवस्था को बेहतर बनाने तथा विभागीय निर्देशों का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। इस दौरान विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में अधिकारियों ने सभी संबंधित विद्यालयों के प्रधान पाठकों एवं संकुल समन्वयकों को निर्देशित किया कि वे निर्धारित समय-सीमा में सभी आवश्यक जानकारियों को अद्यतन करें तथा लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराएं। साथ ही विद्यालय स्तर पर योजनाओं के प्रभावी संचालन, शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार तथा विभागीय कार्यों में पारदर्शिता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। बैठक का उद्देश्य विद्यालयों की कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी बनाना, शैक्षणिक गतिविधियों की नियमित निगरानी करना तथा शासन की योजनाओं का लाभ विद्यार्थियों तक सुचारू रूप से पहुंचाना रहा। बैठक में विकासखंड शिक्षा अधिकारी संजू कनौजिया, बीआरसी सुरेश सिंह, जिला प्रोग्रामर विजय कुशवाहा, राजेश गुप्ता, संकुल समन्वयक एवं प्रधान पाठक उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप



गुम हुए बुजुर्ग को पुलिस ने किया परिजन के सुपुर्द

रामानुजनगर। दूसरे क्षेत्र से भटकर ग्राम बकना पहुंचे गुम हुए बुजुर्ग को पुलिस ने उसके परिजन की तलाश को सौंप दिया। बुजुर्ग के मिल जाने के बाद परिजन ने राहत की सांस ली। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बकना में गुरुवार की शाम एक 70 वर्षीय बुजुर्ग गांव में भटकते हुए मिला। गांव में अकेले घूमते बुजुर्ग की जानकारी ग्राम पंचायत बकना के सरपंच जगतपाल सिंह को मिली तो सरपंच ने मानवता का परिचय देते हुए बुजुर्ग को रात में अपने घर में शरण देकर जाकर भोजन कराया। सुबह सरपंच ने डायल 112 में फोन कर मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही रामानुजनगर थाना प्रभारी विराट वीसी ने तत्परता और सूझबूझ दिखाते हुए बुजुर्ग के बारे में जानकारी एकत्र की। पूछताछ में पता चला कि बुजुर्ग 70 वर्षीय धनसाय राजवाड़े है, जो कोरिया जिले के पटना थाना क्षेत्र स्थित ग्राम पिपरा के रहने वाले हैं। थाना प्रभारी विराट विसी ने तत्काल उनके परिजनों से संपर्क कर सूचना दी। इसके बाद थाने में परिजनों को बुलाकर गुम हुए बुजुर्ग को सकुशल उनके परिवार को सुपुर्द किया गया।

जयनगर हायर सेकेंडरी स्कूल में चौथी बार समर्सिबल पंप की चोरी, रिपोर्ट दर्ज



बिश्रामपुर। ग्राम जयनगर में संचालित शासकीय आजाक हायर सेकेंडरी स्कूल प्रांगण में लगे मोटर पंप को अज्ञात चोरों ने बीती रात चोरी कर लिया है,स्कूल प्रबंधन द्वारा थाना में दिए गए आवेदन में उल्लेख किया गया है कि बीती रात अज्ञात चोरों ने स्कूल प्रांगण में स्थित मोटर पंप का ढक्कन तोड़कर समर्सिबल पंप पार कर दिया है। गौरतलब है कि विद्यालय में पहले भी तीन बार चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं,लगातार हो रही वारदातों से विद्यालय प्रबंधन की चिंता बढ़ गई है। गुरुवार की सुबह विद्यालय पहुंचने पर देखा गया कि अज्ञात चोरों द्वारा बोरवेल का ढक्कन टूटा हुआ मिला और उसमें लगा समर्सिबल पंप गायब था। इसके बाद विद्यालय प्रबंधन को चोरी की जानकारी हुई। बार-बार शैक्षणिक संस्थान को निशाना बनाया जाना विद्यालय की संपत्ति और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर चिंता का विषय बन गया है।

आग से झुलसी महिला की उपचार के दौरान मौत

अम्बिकापुर। भटगांव थाना अंतर्गत ग्राम कसकेला निवासी वंदना देवांगन पति सुरेन्द्र देवांगन (36 वर्ष) गुरूवार की दोपहर कीचन में खाना बना रही थी जबकि पति घर के बाहर टहल रहा था। महिला किचन में सब्जी काट रही थी तभी दुपट्टा में आग पकड़ लेने से आग की चपेट में आ गई। आग से जलने पर महिला शोर मचाने लगी। किचन से पत्नी की चीखने चिल्लाने की आवाज सुनकर पति तत्काल मौके पर पहुंचा तो देखा पत्नी का शरीर आग लपटों में घिरा हुआ था। पति ने तत्काल कंबल से ढक कर किसी तरह आग बुझाई और घटना की जानकारी पत्नी के भाई सहित परिजन को देने के पश्चात उसे शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

नवरात्र में उमड़ती है श्रद्धालुओं की भीड़

बड़की माई मंदिर में मूर्ति की नहीं बल्कि मां के स्वरूप प्राचीन खड़ग व नगाड़े की होती है पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ शंकरगढ़

सरगुजा संभाग में कई देवी व देव स्थल है जहां प्राचीन काल के देवी देवताओं की मूर्ति है जिसे श्रद्धालु परंपरा अनुसार नहीं सिर्फ नियम का निर्वहन कर रहे है बल्कि विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना करते है। अधिकांश देव व देवी स्थल में प्राचीन देवी देवताओं की मूर्ति को पूजते है लेकिन विकासखंड शंकरगढ़ के ग्राम चलगली तप्पा स्थित बड़की माई मंदिर में प्रतिमा की नहीं बल्कि देवी मां के स्वरूप में प्राचीन खड़ग और नगाड़ा को लाखो श्रद्धालु अपनी जागृत आराध्य मानकर पूजते हैं।

खास बात
- जिले सहित अन्य राज्यों से मन्नत लेकर पहुंचे है श्रद्धालु

क्षेत्रवासी कहते हैं कि मां बड़की माई सचमुच जागृत देवी हैं। सच्चे मन से आने वाले भक्तों की हर मनोकामना पूरी होती है। यहां भूत-प्रेत, नजर-बदर, रोग और विपत्तियां मां के दरबार में आते ही दूर हो जाते हैं। कई मौकों पर लोगों ने देवी की चमत्कारिक महिमा प्रत्यक्ष देखी है। बेसरापाठ से रात्रि में नगाड़ों की आवाज कई किलोमीटर दूर तक सुनाई देती है। नवरात्रि में कपाट खुलते ही मां की कृपा से असंख्य चमत्कार होते हैं। जो एक बार मां की शरण में आ जाता है, माँ उसे कभी निराश नहीं करतीं। मां बड़की माई सामाजिक समरसता की जीती-जागती मिसाल हैं। इस मंदिर का मुख्य पुजारी जनजाति समाज का बैगा होता है। शारदीय नवरात्रि की पंचमी तिथि को कपाट खुलने पर सबसे पहले एससी जनजाति के नगाड़ची द्वारा देवी स्वरूप नगाड़े का नया कलेवर चढ़ाया जाता है। फिर राजपरिवार के मुखिया द्वारा नगाड़ा को मंदिर में वापस लाया जाता है प्रथम पूजा-अर्चना की जाती है और संपूर्ण राजपरिवार भक्ति भाव से इसमें शामिल होता है। इसके बाद मुख्य बैगा पुजारी विधि-विधान से पूजा जारी रखते हैं। स्थानीय लोग और जनजातीय समाज के सदस्य भी पूरे समर्पण और उत्साह से माँ की सेवा में जुट जाते हैं। इस अवसर पर अब चलगली में मेला का भी आयोजन किया जाने लगा है। राजपरिवार, बैगा पुजारी, स्थानीय ग्रामीण और जनजातीय समाज के सदस्य एक नगाड़ा और एक खड्ग के सामने साथ खड़े होकर पूजा करते हैं। यह सुंदर दृश्य माँ बड़की माई की एकता और समरसता का प्रतीक बन गया है। पूर्व में यहां भैंस की बलि दी जाती थी, जिसे अब बकरे की बलि में बदल दिया गया है। वर्तमान में छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष लाल अनुराग प्रताप सिंह देव जो राजा बिंदेश्वरी शरण सिंह देव के वंशज हैं, राजपरिवार की ओर से मां की सेवा, संरक्षण एवं परंपराओं के निर्वहन का दायित्व श्रद्धा और समर्पण के साथ निभा रहे हैं।



बड़की माई मंदिर।

मंदिर की स्थापना एक अद्भुत घटना से जुड़ी है

उदयपुर धर्मजगढ़ रियासत के राजा बिंदेश्वरी शरण सिंह देव के पुत्र लाल बहादुर भागवत प्रसाद सिंह देव जो सरगुजा महाराजा रघुनाथ शरण सिंह देव के चचेरे भाई थे, उनको ज्ञात हुआ कि देवी बेसरापाठ, बीजाडीह जमड़ी में विराजमान हैं वो वहां पहुंचे। जब यह बात सरगुजा दरबार तक पहुंची तो महाराजा रामानुज शरण सिंह देव हाथियों के साथ देवी स्वरूप नगाड़ा और खड्ग को लाने निकले। लौटते समय चलगली गांव में एक पीपल वृक्ष के पास हाथी बैठ गए। कई प्रयासों के बावजूद जब हाथी आगे नहीं बढ़े, तब इसे मां की इच्छा मानकर वर्ष 1918 में उसी स्थान पर देवी की स्थापना कर दी गई।



अवैध लकड़ी परिवहन पर वन विभाग की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ धौरपुर

लुंड्रा में अवैध लकड़ी परिवहन पर वन विभाग की टीम ने न सिर्फ कार्रवाई की बल्कि पिकअप समेत 4 नग साल चिरान को जब्त किया है। वन विभाग की टीम रीरीगढ़ पहाड़ से अवैध रूप से लकड़ी परिवहन किए जाने की सूचना पर पहुंची थी। हालांकि टीम को देख कर लकड़ी तस्कर मौके पर ही वाहन को छोड़कर फरार हो गए।

- पिकअप समेत 4 नग साल चिरान जब्त

लुंड्रा वन क्षेत्र में अवैध लकड़ी परिवहन के खिलाफ वन विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। बीती रात भी क्षेत्र में गश्त कर रहे वन विभाग की टीम को सूचना मिली कि रीरीगढ़ पहाड़ क्षेत्र से पिकअप वाहन में साल की लकड़ी के चार नग चिरान का अवैध परिवहन किया जा रहा है। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच पिकअप और लकड़ी को जब्त कर लिया। टीम कार्रवाई कर रही थी तभी मौका पा कर सवार वाहन छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गए। मामले में वन अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। जब्त लकड़ी की अनुमानित कीमत करीब 50 हजार रुपये बताई जा रही है।

इस संबंध में आईएफएस एवं एसडीओ कुणाल मिश्रा ने बताया कि आरोपी गाड़ी छोड़कर भाग गए हैं। मामले में प्रकरण दर्ज कर वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई में लुंड्रा वन विभाग की टीम रही मौजूद। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर टीम ने मौके पर कार्रवाई करते हुए पिकअप वाहन सहित साल की लकड़ी के चार नग चिरान जब्त किए। मामले में वन अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

पीएचडी प्रवेश परीक्षा 2026 के अंतर्गत साक्षात्कार की समय-सारणी जारी

अम्बिकापुर। संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय, सरगुजा, अम्बिकापुर द्वारा पीएच.डी. प्रवेश परीक्षा 2026 के अंतर्गत शोध उपाधि में प्रवेश हेतु साक्षात्कार की विषयवार समय-सारणी जारी कर दी गई है। विश्वविद्यालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, पीएच.डी. प्रवेश परीक्षा 18 सितंबर 2026 को कुल 25 विषयों में आयोजित की गई थी। परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर प्रावीण्य सूची तैयार कर विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित की गई है। इसके अतिरिक्त नेट,सेट,गेट के माध्यम से प्रवेश परीक्षा से छूट प्राप्त अभ्यर्थियों की विषयवार सूची भी वेबसाइट पर उपलब्ध कराई गई है।

- 729 अभ्यर्थियों को किया गया आमंत्रित

विश्वविद्यालय द्वारा जारी जानकारी के अनुसार, पीएच.डी. प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण तथा नेट/सेट उत्तीर्ण अभ्यर्थियों सहित कुल 729 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया गया है। पीएच.डी. कार्यक्रम में प्रवेश हेतु सभी विषयों को मिलाकर सीटों की संभावित संख्या 448 निर्धारित की गई है। जारी समय-सारणी के अनुसार, साक्षात्कार का आयोजन 30 अक्टूबर से 4 नवंबर 2026 तक निर्धारित विषयवार तिथियों में प्रातः 9:30 बजे से किया जाएगा। साक्षात्कार का आयोजन विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग, न्यू नगर निगम भवन के समीप, अम्बिकापुर (छत्तीसगढ़) में होगा। साक्षात्कार में सम्मिलित होने वाले सभी अभ्यर्थियों को निर्देशित किया गया है कि वे निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित हों तथा अपने समस्त मूल शैक्षणिक दस्तावेजों और उनकी स्वप्रमाणित छायाप्रतियों के साथ उपस्थित रहें। इसके साथ ही, प्रत्येक अभ्यर्थी को अपनी शोध रुचि के अनुरूप एक संभावित शोध प्रस्ताव तैयार करके साक्षात्कार बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत करना होगा। साक्षात्कार के दौरान अभ्यर्थी की शोध अभिरुचि, विषय संबंधी समझ, शोध की संभावनाओं तथा प्रस्तावित शोध कार्य की प्रासंगिकता का मूल्यांकन किया जाएगा।

तबीयत बिगड़ने से गंभीर युवक की संदिग्ध हालत में मौत

अम्बिकापुर। अचानक तबीयत बिगड़ने से गंभीर हुए युवकी निजी अस्पताल में मौत हो गई। युवक की संदिग्ध हालत में मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार उदयपुर थाना अंतर्गत ग्राम खमररिया नुनेरा निवासी भुनेश्वर आ. स्व. देवशरण राम (26 वर्ष) 14 अक्टूबर को शरीर में सूजन हो गया और घर पर ही था। इधर परिजन सूजन अपने आप कम हो जाने की आशंका पर इलाज नहीं कराया और रात में भोजन कर सो गए लेकिन भुनेश्वर सांस लेने में परेशानी होने पर सो नहीं सका। दूसरे दिन युवक की तबीयत अचानक ज्यादा खराब हो गई और खून का उल्टी करने लगा। परिजन शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया तो परिजन दूसरे निजी अस्पतला में उपचार कराने लेकर गए। जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत युवक को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

बिजनेस प्लस

त्योहारी सीजन में सोना महल का खास तोहफा, मात्र 8.5 प्रतिशत मेकिंग चार्ज पर खरीदें मनपसंद ज्वेलरी

अंबिकापुर। त्योहारी सीजन को देखते हुए अंबिकापुर के सदर रोड महामाया चौक स्थित सोना महल द ज्वेलरी मॉल ने ग्राहकों के लिए एक आकर्षक ऑफर पेश किया है। इस विशेष ऑफर के तहत ग्राहक मात्र 8.5 प्रतिशत मेकिंग चार्ज पर अपनी पसंद की शानदार ज्वेलरी खरीद सकते हैं। ग्राहकों के बजट को ध्यान में रखते हुए शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य त्योहारों की खुशियों को और भी खास बनाना है। सोना महल की ओर से खरीदारी करने वाले ग्राहकों के लिए अतिरिक्त उपहारों की भी व्यवस्था की गई है। 50 हजार से अधिक की डायमंड ज्वेलरी की खरीदारी पर चांदी का सिक्का दिया जाएगा। वहीं 20 हजार से अधिक की खरीदारी पर ग्राहकों को लकी ड्रॉ कूपन मिलेगा। इस लकी ड्रॉ में प्रथम पुरस्कार के रूप में इलेक्ट्रिक स्कूटी, द्वितीय पुरस्कार के रूप में 32 इंच की एलईडी टीवी तथा अन्य आकर्षक पुरस्कार भी शामिल हैं। कुल 52 पुरस्कारों की घोषणा की गई है, जिनमें 50 पीस के सांत्वना पुरस्कार भी शामिल बताए गए हैं। सोना महल के संचालक संतोष सोनी एवं धनंजय सोनी ने बताया कि इस ऑफर का मुख्य उद्देश्य सरगुजा और अंबिकापुर के ग्राहकों को किफायती दरों पर बेहतर ज्वेलरी उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि त्योहारों के अवसर पर हर परिवार अपनी पसंद की ज्वेलरी खरीदना चाहता है। हमारा प्रयास है कि ग्राहकों को कम मेकिंग चार्ज पर बेहतरीन विकल्प मिलें, ताकि वे अपने बजट में रहकर त्योहारों की खुशियां मना सकें। अब अंबिकापुर और सरगुजा के ग्राहकों को कम मेकिंग चार्ज पर मनपसंद ज्वेलरी खरीदने के लिए रायपुर जाने की जरूरत नहीं है। ग्राहक अंबिकापुर स्थित सोना महल पहुंचकर आकर्षक डिजाइनों और किफायती मेकिंग चार्ज का लाभ उठा सकते हैं। सोना महल द ज्वेलरी मॉल का लक्ष्य ग्राहकों को बेहतर कीमत, आकर्षक डिजाइन और खरीदारी का भरोसेमंद अनुभव प्रदान करना है। त्योहारी सीजन में यह विशेष ऑफर ग्राहकों के लिए खरीदारी का एक शानदार अवसर साबित हो सकता है।









